# बच्चे बड़े सपने देखें और पूरी ऊर्जा के साथ साकार करने में जुट जाएं : मेघवाल

■ कॅरियर काउंसलिंग और विद्यार्थी गौरव सम्मान समारोह आयोजित



केन्द्रीय विधि एव न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट शिक्षा की अलख जगाने के बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के संकल्प को साकार करने में जुटा है।

मेघवाल ने विद्यार्थियों का आव्हान करते हुए कहा कि बच्चे बड़े सपने देखें और पूरी ऊर्जा के साथ साकार करने में जुट जाएं। मेघवाल गुरूवार को विद्या निकेतन स्कूल में भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कॅरियर काउंसलिंग-2025 तथा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी गौरव सम्मान-2025 को संबोधित कर रहे थे। मेघवाल ने कहा कि बाबा साहेब ने अनेक प्रतिकूलताओं के बावजूद बड़ी सफलताएं हासिल की। वे सदैव शिक्षा को प्रोत्साहित करते रहे। उनका दिया संविधान आज हमें एक सूत्र में बांधता है।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि वे भी साधारण परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता मछुआरे थे, लेकिन उन्होंने बड़ा सपना देखा और देश के राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद पर पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि देश के 30 करोड़ विद्यार्थी, देश की सबसे बड़ी दौलत है। स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाले ये विद्यार्थी जब संस्कारवान, चरित्रवान और सक्षम बनेंगे तो देश विकसित राष्ट्रों की सूची में खड़ा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है। इसे साकार करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

मेघवाल ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। यह बिल पास भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि इसे देश की राजनीति में बहुत बड़े सकारात्मक बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सफल व्यक्ति के पीछे मातृशक्ति का हाथ होता है। मेघवाल ने कहा कि दसवीं और बारहवीं तक अध्ययन के बाद कॅरियर की चिंता प्रत्येक युवा को होती है। ऐसे मे भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट के ऐसे शिविर विद्यार्थियों के लिए लाभदायक रहेंगे। उन्होंने विभिन्न कथाओं और कहावतों के माध्यम से आगे बढ़ने की सीख दी। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि शिक्षा ऐसी मास्टर-की है जिससे सभी ताले खोले जा सकते हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से खाजूवाला में भीमराव अम्बेडकर वाचनालय खुलवाने तथा बीकानेर के अम्बेडकर वाचनालय में कॅरियर काउंसलर की स्थाई व्यवस्था करने का आग्रह किया।

पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि किशोरों और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति बेहद घातक है। इसके मद्देनजर बच्चों को कॅरियर की सही दिशा दिखानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। नेशनल कॅरियर काउंसलर डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली ने कहा कि कॅरियर काउंसलिंग वह विधा है, जो विद्यार्थी को सही दिशा दिखाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी स्किल पहचानने का आव्हान किया। साथ ही कॅरियर की विभिन्न संभावनाओं के बारे में बताया।

कार्यक्रम प्रभारी रवि शेखर मेघवाल ने बताया कि दसवीं और बारहवीं कक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और डिक्सनरी दी गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के विद्यार्थी भी आगे बढ़ें और सरकारी नौकर या नौकरी करने से आगे बढ़कर जॉब प्रोवाइडर और एंतरप्रेन्योर बनें। उन्होंने कहा कि भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट का संकल्प शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में सतत प्रयास करना है। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती, बाबा साहेब अम्बेडकर तथा भावना मेघवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में पाना देवी, सुशीला वर्मा, पूर्व विधायक शिमला बावरी, रचना मेघवाल और किशन कुमार बतौर अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, चम्पालाल गेदर, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष महावीर रांका, गुमान सिंह राजपुरोहित, विक्रम राजपुरोहित, पप्पूराम पंवार, मोतीलाल पड़िहार, ओमप्रकाश मेघवाल, पूर्व प्रधान कन्हैयालाल, शिवकुमार रंगा, विनोद गिरि गुंसाई, किशोर आचार्य, राजाराम सींवर, चंद्रप्रकाश बारूपाल, श्रवण प्रजापत, इमरान कायमखानी, सम्पत पारी और रामेश्वर पारीक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक मौजूद थे।

## सोलर कंपनी से चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के पूगल थाना पुलिस ने चोरी के मामले में चार जनों को गिरफ्तार किया है। चारों से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। युवकों से एक बोलेरो गाड़ी भी जब्त की गई है।

पूगल थाना में 24 जून को एक सोलर कंपनी के कर्मचारी हरभजन सिंह ने स्टोर यार्ड से नट बोल्ट सहित काफी सामान चोरी होने की रिपोर्ट दी थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार जनों को गिरफ्तार कर लिया है। इनसे नट बोल्ट सहित कई कीमती उपकरण भी बरामद हो गए हैं। पूगल थानाधिकारी पवन सिंह तंवर ने बताया कि चारों युवकों को जालवाली से गिरफ्तार किया गया। ये लोग एक बोलेरो गाड़ी में सवार थे और इनके पास काफी सामान था। पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर सख्ती से पूछताछ की तो चोरी का राज खुल गया।

10 बैग में रखा 5 क्विंटल नट व बोल्ट बरामद किए हैं। ये सारा सामान इसी सोलर कंपनी का था। नट बोल्ट के अलावा भी कई तरह का सामान पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने कालू थाना क्षेत्र के कागासर गांव निवासी लालचंद जाट, बृजलाल नायक, छट्टासर गांव के निवासी चंदूराम मेघवाल व जसरासर थाना क्षेत्र के मेहरामसर निवासी मदनलाल नायक को गिरफ्तार किया है। ये कार्रवाई खाजूवाला सीओ अमरजीत चावला के निर्देशन में थानाधिकारी पवन सिंह की टीम ने की। इस टीम में हैड कांस्टेबल मनोहर सिंह शेखावत, धर्माराम गोदारा, कांस्टेबल अविनाश कुमार व अजय सिंह शामिल थे।

## सार-समाचार

### मंत्री गौतम दक का अभिनंदन



सहकारिता मंत्री गौतम दक का अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ईकाई ने अभिनंदन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला बीकानेर ईकाई द्वारा सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के मंत्री गौतम दक के बीकानेर आगमन पर वैश्य समाज द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। सचिव किशन लोहिया ने बताया कि आज अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के लिए गौरव की बात है। आपने समाज सेवा के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा का एक आदर्श उपस्थित कर वैश्य समाज का मान बढ़ाया है। हम भी आपके पद चिन्हों पर चलकर राष्ट्रीय सेवा के प्रति समर्पित होना चाहते हैं। इस अवसर मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। मैं वैश्य समाज का एक अभिन्न अंग हूं। यह मेरे लिए गौरव की बात है। मैं अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन बीकानेर ईकाई की नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष विनोद बाफना व उनकी पूरी टीम के यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। अभिनंदन पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सुराणा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड, पूर्व यूआईटी चैयरमेन महावीर रांका, नेरश गोयल, जिला महामंत्री किशन लोहिया, पूर्व महामंत्री विजय बाफना, दिनेश महात्मा, जेठमल नाहटा, सुरेश गुप्ता, भगवान अग्रवाल, इन्द्रचंद मालू, शरद गोयल, कमल बोथरा, संजय जैन सांड, युवा विंग अध्यक्ष मुदित खजांची, मिलाप चौपड़ा, महिला विंग के महामंत्री सरिता नाहटा, प्रदेश मंत्री धनलक्ष्मी जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन जैन, ज्योति विजयवर्गीय, गायत्री महात्मा उपस्थित थे।

### जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम




सहायक कृषि अधिकारी रमेश भामू ने जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण की जानकारी दी।

**बीकानेर,** (कासं)। यूनिवर्सिटी-सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बीकानेर द्वारा गोद लिए गांव कतरियासर में गुरूवार को जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग, बीकानेर से सहायक कृषि अधिकारी रमेश भामू द्वारा किसानों को विभिन्न सिंचाई जल संरक्षण की तकनीकों, वर्षा जल संरक्षण तकनीकी तथा इनसे संबंधित राजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में यूएसआर समन्वयक डॉ. सुनील कुमार, सहायक आचार्य डेयरी विज्ञान प्रौद्योगिकी महाविद्यालय बीकानेर ने उन्नत बीज तथा इन क्षेत्रों में उपयुक्त फसल की किस्मों को लगाने की सिफारिश की ताकि कम पानी में अच्छी पैदावार किसानों को मिल सकें।

## 11के.वी. लाइन की चपेट में आने से मौत, मुआवजे की मांग

■ मुआवजा की मांग को लेकर धरने पर बैठे लोगों ने तार से नीचे नहीं उतारने दिया शव

**बीकानेर,** (कासं)। महाजन कस्बे के समीपवर्ती गांव साबणिया में देर रात को खेत से लौट रहे युवक 11केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। सैकड़ों ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे रहे लेकिन शव को तारों से निकालने नहीं दिया। करीब पंद्रह घंटे तक मृतक का शव तारों में ही लिपटा रहा।

जानकारी के अनुसार साबनिया निवासी हंसराज मेघवाल पुत्र श्योपत राम मेघवाल उम्र 40 वर्ष हर रोज की तरह खेत गया हुआ था। रात को करीब दस बजे बजे खेत से वापस आ रहा था तो रास्ते में 11 केवी की विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। दरअसल यहां तार इतने नीचे थे कि वो पैदल चलते हुए भी इन तारों की चपेट में आ गया। मौके पर ही हंसराज की मौत हो गई। बुधवार सुबह देखा तो लोगों ने शव देखा तो हंसराज के घर पर सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ग्यारह हजार केवी के तार इतने नीचे होने के विरोध में ग्रामीणों ने सुबह ही धरना लगा दिया। जन प्रतिनिधि छगनलाल सियाग ने बताया कि गांव के पास से गुजरने वाली यह 11 केवी की विद्युत लाइन काफी लम्बे समय से ढीली पड़ी है। जो जमीन से महज 4 से 5 फीट ही ऊंचाई पर है। जिसको दुरुस्त करवाने के लिए बार-बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया जा रहा था। मगर उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे पूर्व भी इन तारों से एक दो पशुओं के भी दुर्घटनाग्रस्त होकर मरने जैसी घटनाएं हो चुकी है।

घटना के बाद साबणीया सहित आसपास के सैकड़ों लोग मौके पर एकत्रित हो गए। परिवार को मुआवजा देने की मांग करने लगे। इस अवसर पर नेता प्रभुदयाल सारस्वत भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मृतक परिजनों के लिए एक करोड़ रूपए, परिवार के एक सदस्य को नौकरी व लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने व निलंबित करने की मांग करने लगे। मगर प्रशासन की तरफ से विभागीय अधिशासी अभियंता सहायक अभियंता लूणकरनसर पुलिस उप अधीक्षक नरेन्द्र पूनिया, लूणकरनसर तहसीलदार, महाजन उप तहसील के नायब तहसीलदार सुंदरपाल गोदारा लूणकरणसर थाना अधिकारी महाजन थाना अधिकारी ही मौके पर पहुंचे। तारों के बीच अटके हुए शव को ग्रामीणों ने नीचे नहीं उतारने दिया।

## मामा-भांजी की डूबने से मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मामा और भांजी की हौद (डिग्गी) में डूबने से मौत हो गई। दोनों खेत में सिंचाई के लिए ट्रैक्टर से बंधे ड्रम में पानी भर रहे थे। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वे हौद में गिर पड़े। गहरे पानी में डूबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा घड़साना उपखंड क्षेत्र के 7 एमएलडी गांव के वाटर वर्क्स पर हुआ। मृतकों की पहचान रशीद खां (40) और उसकी भांजी रहमत(15) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद परिजनों ने मृतकों का पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। परिजन मृतकों के शवों को बिना पोस्टमॉर्टम के ही सुपुर्द-ए-खाक करना चाहते थे।

स्थिति को देखते हुए तहसीलदार बबीता ढिल्लो और घड़साना थानाधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। करीब एक घंटे तक समझाइश का दौर चला।

## रासीसर में पीएचईडी कर्मचारी को पीटा

■ हाथ-पैर में फैक्चर, कर्मचारियों ने सप्लाई ठप की चेतावनी दी

**बीकानेर,** (कासं)। रासीसर में एक दिन पहले जलदाय विभाग के एक कर्मचारी के साथ मारपीट की गई। उसके शरीर में चोटें आई। हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गया। पीबीएम के जेड वार्ड में भर्ती है।

पीएचईडी के अधिकारियों से लेकर यूनियन के कर्मचारी नेता के बीच गुस्सा है। हैरानी की बात ये है कि घटना के 24 घंटे तक पुलिस ने एफआईआर नहीं लिखी। इसलिए अब पीएचईडी कर्मचारियों ने सप्लाई बंद करने की चेतावनी दी है। दरअसल रासीसर में पीएचईडी कर्मचारी हड़माना राम बिश्नोई सप्लाई खोलने गया। वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने कहा कि ये सप्लाई नहीं मेरी वाली खोलो। कर्मचारी बोला कि नंबर इस सप्लाई का इसलिए यही खोलूंगा। अगर आपको अपनी खुलवानी है कि किसी अधिकारी से कहलवाओ। इस पर दोनों में बहस हो गई और लोगों ने कर्मचारी को पीट दिया। इतना पीटा कि हाथ और पैर में फ्रेक्चर हो गया। पहले नोखा फिर पीबीएम रेफर किया गया। पीबीएम के जेड वार्ड में उसे भर्ती किया गया।

खबर मिलने पर पीएचईडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश राजपुरोहित, एक्सईएन बलवीर सिंह, कर्मचारी नेता जयगोपाल जोशी समेत दर्जनों लोग पीबीएम पहुंच गए। फिर कर्मचारियों ने दो बजे पीएचईडी ऑफिस में एडीशनल चीफ इंजीनियर का घेराव किया और आरोप लगाया कि पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही। 24 घंटे बाद भी दबाव में दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है।

## अप्रेंटिसशिप मेला

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन होगा।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक कैलाश चौधरी ने बताया कि अप्रेंटिसशिप के इच्छुक अभ्यर्थी मेले में भाग लेकर अपना पंजीयन कराकर अप्रेंटिसशिप के अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## खाद-बीज व्यापारियों का गुस्सा फूटा

■ कृषि विभाग की कार्रवाई के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन
■ बिना जांच के नकली बताने का विरोध

**बीकानेर,** (कासं)। कृषि अनाज मंडी में खाद-बीज व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। हाल ही में कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई फैक्ट्रियों में छापेमारी और ताले तोड़ने की कार्यवाही के खिलाफ व्यापारियों ने विरोध जताते हुए इसे व्यापारिक स्वतंत्रता पर हमला बताया।

व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि वैज्ञानिक जांच के बिना कार्रवाई जारी रही तो वे सामूहिक प्रतिष्ठान बंद कर आंदोलन करेंगे। एसोसिएशन महासचिव तोलाराम कूकना ने कहा कि विभाग द्वारा बिना किसी लैबोरेटरी जांच के बीजों को नकली घोषित कर देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कूकना ने कहा कि हम 95 प्रतिशत व्यापारी स्वयं किसान परिवारों से आते हैं। किसानों को ठगने का सवाल ही नहीं उठता। मगर विभाग और मंत्री के कुछ अधिकारी राजनीतिक दिखावे के लिए कार्रवाई कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन ने व्यापारियों की बात नहीं सुनी तो जिला कलेक्टर नम्रता वैष्णव को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## छात्रों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**नोखा,** (कासं)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर एनएसएस, एनसीसी और स्काउट के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नई किरण नशामुक्ति केंद्र के नोडल अधिकारी महावीर सियाग ने छात्रों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

उन्होंने राजस्थान को नशा मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली। हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया। नोडल अधिकारी नरेन्द्र बैरवा के मार्गदर्शन में पहले से लगे पौधों की देखभाल की गई। प्राचार्य प्रो. सत्यनारायण राजपुरोहित के नेतृत्व में 50 नए पौधे लगाए गए।

## रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल से बिगड़े पी.बी.एम. के हाल

■ ऑपरेशन की संख्या में कमी आई, डॉक्टर्स की छुट्टियां रद्द की जा चुकी
■ रेजिडेंट्स के हड़ताल पर जाते ही व्यवस्था चरमराई

**बीकानेर,** (कासं)। उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज में करंट से एक रेजिडेंट डॉक्टर की मौत के बाद बीकानेर में भी रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल जारी है। लगातार दूसरे दिन रेजिडेंट डॉक्टर्स के वार्ड और ओपीडी में नहीं पहुंचने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सीरियस रोगियों के ही ऑपरेशन किए जा रहे हैं। जबकि अधिकांश ऑपरेशन स्थगित कर दिए गए हैं। उधर सीएमएचओ पुखराज साध ने दस डॉक्टर्स को पीबीएम अस्पताल के लिए भेज दिया है, जिसमें दो ने दोपहर तक कार्यग्रहण किया। बीकानेर के सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में इस समय पांच सौ से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टर कार्यरत है। इन रेजिडेंट्स के हड़ताल पर जाते ही सारी व्यवस्था चरमरा जाती है। हड़ताल के चलते सिर्फ इमरजेंसी के ऑपरेशन ही किए जा रहे हैं।

सर्जरी, हड्डी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, ईएनटी और डेंटल में रोगी भर्ती तो हो रहे हैं लेकिन इनके ऑपरेशन नहीं किए जा रहे। अगर कोई रोगी सीरियस है तो उसका इलाज किया जा रहा है। उधर ट्रोमा सेंटर के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है ताकि वहां आपात स्थिति में हालात नहीं बिगड़े। अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने बताया कि गुरूवार को भी बड़ी संख्या में रोगी अस्पताल में पहुंचे हैं। ज्यादा ओपीडी होने के कारण सीनियर डॉक्टर्स ने वहां ड्यूटी दी। वर्मा ने बताया कि रोगियों का इलाज हो रहा हे। सीएमएचओ ने दस डॉक्टर्स उपलब्ध कराए हैं, जिन्हें अलग- अलग विभागों में तैनात किया जा रहा है।

## 'खरीद में गड़बड़ी हुई तो ठेकेदार के साथ अधिकारियों को भी दोषी माना जायेगा'

■ दक ने बीकानेर में सरसों और मूंगफली खरीद को लेकर आई शिकायतों को गंभीरता से लिया



सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने सहकार भवन में आयोजित सहकारिता विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि बीकानेर में सरसों और मूंगफली खरीद को लेकर बहुत शिकायतें आई। अगर भविष्य में खरीद को लेकर गड़बड़ी हुई तो ठेकेदार के साथ- साथ सभी संबंधित अधिकारियों राजफैड आरओ, मैनेजर, डीआर और सोसायटी अध्यक्ष को भी दोषी माना जायेगा।

केवल संविदा कर्मी को मुल्जिम बनाकर सब बरी हो जाते हैं, यह नहीं चलेगा। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में खरीद को लेकर एक शिकायत नहीं आनी चाहिए। दक गुरूवार सुबह सहकार भवन में सहकारिता विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमारी सोसायटी पर लोगों का विश्वास हो। हमारे यहां बिकने वाले उत्पाद उच्च गुणवत्ता के हों। हम जो भी बेचेंगे, अच्छा ही बेचेंगे। यह बात नीचे तक जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम 32 लाख लोगों को लोन दे रहे हैं। इसके अलावा 70 लाख लोगों को किसान सम्मान निधि का पैसा दे रहे हैं। इन लोगों को लोन के लिए एप्रोच करें। हमारे लोन बैंकों से भी ज्यादा सुविधाजनक है। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बैठक में अधिकारियों को ऑनलाइन ऑडिट लक्ष्य पूर्ण करने, आमसभा नियत समय में आयोजित करने, नवगठित पैक्स के संचालक मण्डल के प्रशिक्षण की व्यवस्था करने, समितियों को आय बढ़ाने हेतु नवाचार करने, पैक्स निरीक्षण करने, एकमुश्त समझौता योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। बैंकों को वाणिज्यिक बैंकों के समान व्यवसाय बढ़ाने के निर्देश दिए।

## महिला का सड़ा गला शव मिला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के पुरानी आबादी क्षेत्र में स्थित लेबर कॉलोनी में एक घर से मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। मोहल्ले में बदबू फैलने के बाद पड़ौसियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामला सामने आया।

मौके पर पहुंचे एएसआई हेतराम छिम्पा ने बताया कि मृतका की पहचान 40 वर्षीय दीपिका के रूप में हुई है। दीपिका मानसिक रोगी थी और 2017 से उसका उपचार चल रहा था। उसके पति दिनेश कुमार की मृत्यु लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हो चुकी है। पति की मौत के बाद वह अपने बच्चों के साथ रहती थी, लेकिन मानसिक अस्थिरता के कारण वह बच्चों के साथ भी मारपीट करती थी। दीपिका के व्यवहार से परेशान होकर उसकी 15-16 वर्षीय बेटी और 9 वर्षीय बेटा पास ही एक अन्य मकान में रहने लगे थे। इस कारण वह पिछले कुछ समय से अकेली ही रह रही थी।


राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email: uit sgur@yahoo.com, Office Address: UIT Office. Model Town, Sri Ganganagar
क्रमांक :- भू.वि./2025-26/125 दिनांक: यथाहस्ताक्षरित
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजय सुखीजा पुत्र श्री प्रदीप सुखीजा निवासी मकान नं० 2144, अग्रसैन नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा आवेदन पत्र व पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर भूखण्ड सं. पी-03 कुंज विहार विस्तार योजना का नामान्तरण न्यास रिकॉर्ड दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है। नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की कुंज विहार विस्तार योजना में भूखण्ड संख्या पी-03 माप 30-0' गुणा 64-0' फीट श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मथुरा दास को लॉटरी द्वारा आवंटित हुआ जिसका दिनांक 25.08.2023 को फ्री होल्ड पट्टा जारी किया गया। श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मथुरा दास का देहांत दिनांक 24.05.2024 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयत दिनांक 07.03.2024 के द्वारा उक्त भूखण्ड की वसीयत अपने पुत्र श्री अजय सुखीजा पुत्र श्री प्रदीप सुखीजा के हक में कर दी गई है। प्रार्थी उक्त भूखण्ड का नामान्तरण पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर करवाना चाहता है। नामान्तरण जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें अन्यथा समयावधि बीत जाने के पश्चात् नामान्तरण दर्ज करने की कार्यावाही न्यास द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उजर मान्य नहीं होगा। सचिव नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4148 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक : 25.6.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निशा अरोड़ा पत्नी श्री संदीप अरोड़ा निवासी 132 महावीर कॉलोनी, बेदला रोड?, बदगांव, उदयपुर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 08 किला नं. 16 में माप 30 इंट्र 50 फीट भू.सं. ई-10, अंबिका सिटी, श्रीगंगानगर | भूखंड का नियमन पट्टा सं. 5108 दि. 21.9.2007 को श्री सत्यपाल बंसल पुत्र श्री चिरंजी लाल के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि नामान्तरण उपरांत श्री अशोक कुमार पुत्र श्री भीमसैन के नाम से न्यास रिकार्ड में दर्ज है | श्रीमती नीशा अरोड़ा द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 14.1.2022 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती निशा अरोड़ा पत्नी श्री संदीप अरोड़ा निवासी 132 महावीर कॉलोनी, बेदला रोड?, बदगांव, उदयपुर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियादे प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/382 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4151 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक : 26.6.2025
श्री अमन गोयल एवं श्री ओजस्वी गोयल पिसरान श्री राधेश्याम गोयल निवासी म.नं. 1, सदर बाजार, श्रीगंगानगर, श्री सौरभ गोयल पुत्र श्री विजय कुमार गोयल निवासी म.नं. 1, सदर बाजार, श्रीगंगानगर एवं श्री वरूण गोयल व श्री लोकेश गोयल पिसरान श्री सतीश चन्द्र गोयल निवासी म.नं. 1, सदर बाजार, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को जरिये वसीयतनामा/उपहार पत्र के द्वारा प्राप्त कर व्यवसायिक प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | पट्टे का विवरण | भूमि का विवरण | आवेदित भूमि का क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्रीगंगानगर | पट्टा स. 44 दिनांक 13.7.1983 को श्री गोपीराम गोयल पुत्र श्री मंगतराम गोयल के नाम से भू-रूपान्तरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा जारी किया हुआ है। | चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 3,4,5 में भू. सं. 1 से 41 माप 1500 वर्गगज | श्री अमन गोयल व ओजस्वी गोयल द्वारा दुकान सं. 1 ता 13, श्री सौरभ गोयल द्वारा दुकान सं. 14 ता 27, श्री वरूण गोयल व लोकेश गोयल द्वारा दुकान सं. 28 से 41, प्रत्येक माप 10'0' इंट्र 31'0'' फीट |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक : 25.6.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 08 में भूखण्ड संख्या 21 का माप 30'' गुणा 60'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री बीरबल राम नेहरा निवासी, 11-सी 3 वार्ड नं. 26 शक्ती नगर सेक्टर सी 03 सुरतगढ श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री बीरबल राम नेहरा निवासी, 11-सी 3 वार्ड नं. 26 शक्ती नगर सेक्टर सी 03 सुरतगढ़ श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 10 के किला नं. 08 में भूखण्ड संख्या 21 का माप 30'' गुणा 60'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 16030926 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4122 दिनांक : 17/06/2025
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आकाश दीप पुत्र श्री श्रवण सिंह निवासी 22/3, चहल चौक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित व्यावसायिक भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 24 किला नं. 2 से 5 में माप 15 इन्टू 25 फीट भूखण्ड संख्या FR-59 न्यू फर्नीचर मार्किट श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 5159 दिनांक 05.10.2007 को श्रीमती अनिता अग्रवाल पत्नी श्री पवन कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री आकाश दीप द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 08.05.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री आकाश दीप पुत्र श्री श्रवण सिंह निवासी 22/3, चहल चौक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY25-26/MUT/220 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर